सीएम ने कैबिनेट बैठक में दी जानकारी

केन-बेतवा प्रोजेक्ट की फरवरी में ही रखी जा सकती है आधारशिला

भोपाल |लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा लिंक के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी माह में दौधन डेम की आधारशिला रख सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फरवरी 2024 में केन-बेतवा लिंक का भूमिपूजन किया जाएगा। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पीएमओ के निर्देश पर 5 अक्टूबर को भी इसके भूमिपूजन की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं, लेकिन अचानक इसे टाल दिया गया था। केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट अथॉरिटी ने हाल ही 11 निर्माण कंपनियों की मांग पर दौधन डेम के टेंडर की बिड जमा करने की तारीख 5 मार्च तक बढ़ाई थी।

गुरुवार को भोपाल में टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करने के लिए निर्माण कंपनियों के साथ एक बैठक भी रखी गई है। इससे पहले केंद्र सरकार की ओर से केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के लिए गठित स्टीयरिंग कमेटी की बैठक हाल ही में 17 से 19 जनवरी के बीच खजुराहो में आयोजित की गई थी।

nwda.gov.in